प्रेस नोट जनपद बागपत

थाना बालैनी　　　　　　दिनाँक 22.08.2024

थाना बालैनी पर विभिन्न अभियोगों में दाखिल कुल 12 वाहनों (कीमत 07 लाख 47 हजार 07 सौ रुपये) की नीलामी के सम्बन्ध में-

कार्यवाही-

दिनांक 22.08.2024 को मा0 न्यायालय के आदेशानुसार थाना बालैनी पर वर्ष 2019 से वर्ष 2020 तक के विभिन्न अभियोगों में दाखिल वाहनों की नीलामी क्षेत्राधिकारी खेकडा, नायब तहसीलदार बागपत व प्रभारी निरीक्षक बालैनी की उपस्थिति में की गयी । उक्त नीलामी में जनपद बागपत व आस पास के जनपदों के कुल-13 कबाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें कुल-12 वाहनों (07 चार पहिया , 03 कैन्टर व 02 दो पहिया) कीमत 07 लाख 47 हजार 7 सौ रुपये की नीलामी की गयी ।

प्रेस नोट जनपद बागपत

थाना चांदीनगर **दिनाँक 22.08.2024**

थाना चांदीनगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद।

कार्यवाही-

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं अवैध अस्लाह की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चांदीनगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुए हैं।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चांदीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

महत्वपूर्ण सूचनाः-बागपत पुलिस द्वारा सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति अवैध असलाह का प्रयोग न करें तथा अवैध व लाईसेन्सी असलाह का प्रदर्शन न किया जाए। यदि ऐसा कोई भी प्रकरण संज्ञान में आता है तो उसके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

शिवम उर्फ डब्बा पुत्र राजू निवासी मौहल्ला अहीर पाडा कस्बा खुर्जा थाना खुर्जा जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरण-

- 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1-उ0नि0 श्री युद्धवीर सिंह, थाना चांदीनगर जनपद बागपत ।

2-है0का0 229 चमन सिंह, थाना चांदीनगर जनपद बागपत ।

3-है0का0 236 नरेन्द्र कुमार, थाना चांदीनगर जनपद बागपत ।